उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, देहरादून

5 वाँ तल, राजीव गाँधी बहुउद्देश्यीय कॉम्पलेक्स,
डिस्पेंसरी रोड़, देहरादून–248001
ई0मेलः ukrera2017@gmail.com
दूरभाषः– 0135-2710348

क्रमांकः–1529/ रेरा–10 / 2017–18   देहरादून, दिनांक 16 .03.2021

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण, देहरादून में न्याय निर्णायक अधिकारी (Adjudicating officer) के एक निःसवर्गीय पद पर नियुक्ति हेतु सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीशों के आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में आमंत्रित किये जाते हैं। इस नियुक्ति की निम्नलिखित शर्ते हैः–

1. आवेदक की आयु दिनांक 01 मार्च, 2021 को 62 वर्ष से अधिक न हो।
2. उत्तराखण्ड रेरा के न्याय निर्णायक अधिकारी Adjudicating officer के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्त अधिकारी को, उन्हें जिला न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्ति के ठीक पहले प्राप्त अन्तिम वेतन में से राशिकरण से पूर्व पेंशन घटाते हुए वेतन अथवा नियत समेकित वेतन (समेकित वेतन की धनराशि में राशिकरण से पूर्व पेंशन जोड़ते हुए प्राप्त धनराशि उनकी सेवानिवृत्ति से ठीक पूर्व प्राप्त वेतन से अधिक नहीं होगी) अनुमान्य होगा।
3. न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति 3 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) के लिए की जायेगी, परन्तु उनका कार्य तथा आचरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी उनकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।
4. इस पद पर नियुक्त पदधारक को शासकीय आवास अथवा इसके एवज में आवास भत्ता तथा वाहन की सुविधा अथवा वाहन भत्ता प्राप्त नहीं होगा।

आवेदक को आवेदन पत्र में अपने सम्बन्ध में व्यक्तिगत जानकारी यथा शैक्षणिक योग्यताएँ, शासकीय सेवा का संक्षिप्त विवरण, स्वअभिप्रमाणित फोटो एवं यह घोषणा पत्र कि शासकीय सेवा के दौरान कभी भी उनके विरुद्ध कोई अनुशासनिक, सतर्कता एवं किसी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही नहीं हुई है और सम्प्रति विचाराधीन नहीं है, देना होगा। आवेदक को अपने आवेदन पत्र के साथ अपना ईमेल आई0डी0, पूर्ण पता एवं दूरभाष संख्या भी देना होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट www.uhuda.org के Rera Online Link से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा प्राधिकरण के कार्यालय से दिनांक 06.04.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11 बजे से सायंकाल 5 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन पत्र ईमेल द्वारा ukrera2017@gmail.com पर या पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से किसी भी कार्यालय दिवस में प्रातःकाल 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक दिया जा सकेगा। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक 06.04.2021 को सायंकाल 5 बजे तक है तथा इसका अध्यक्ष, उत्तराखण्ड भू–सम्पदा

Scanned by CamScanner

नियामक प्राधिकरण को सम्बोधित करते हुए प्राधिकरण के कार्यालय में प्राप्त होना आवश्यक है। अपूर्ण अथवा देर से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी आवेदन पत्र पर बिना कारण बताए चयन/नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी समय निरस्त/स्थगित करने का अधिकार प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

(अध्यक्ष)
उत्तराखण्ड भू–सम्पदा नियामक
प्राधिकरण,
देहरादून

Scanned by CamScanner